तापमान

अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 17 मई 2024



12 लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता बढ़चढ़कर...



12 बेहतर शिक्षा पर फोकस करें शिक्षक



## कंटेनर चालक की लापरवाही से भीषण हादसा, हवलदार की मौत

### बनौंदी शुगर मील के पास हुआ हादसा, शहजादपुर थाने में तैनात था हवलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बनौंदी शुगर मील के पास कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार हवलदार की मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि हादसे के बाद कंटेनर कार को काफी दूर तक घसीटता ले गया।हादसे के बाद कड़ी मश्कत के बाद व्यक्ति को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया। जिसके बाद घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यहां पर डॉक्टरों ने हवलदार को मृतक घोषित कर दिया। मृतक शहजादपुर थाने में हवलदार के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दिया।

■ कंटेनर कार को काफी दूर तक घसीटता ले गया, कड़ी मश्कत के बाद व्यक्ति को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला

#### हवालदार के भतीजे की शिकायत पर केस दर्ज

मृतक हवालदार बलविंद्र सिंह के भतीजे मोहित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टाइल बनाने की फैक्ट्री में काम करता है। बुधवार को वह वह अपनी रिश्तेदारी धनाना गांव से वापस अपने गांव जा रहा था। महाराणा प्रताप चौक शहजादपुर पहुंचा तो उसकी मुलाकात फतेहपुर के चाचा बलविंद्र सिंह से हुई थी। वह शहजादपुर थाने में हवलदार है। बातचीत होने के बाद चाचा ड्यूटी के संबंध में नारायणगढ़ की तरफ जा रहे थे। मोहित ने बताया कि इस दौरान वह उनके पीछे-पीछे चल रहा था। जैसे ही उनके चाचा शहजादपुर बनोदी शुगर मिल के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी व गाड़ी को काफी दूर तक घसीटता ले गया। गंभीर रूप से घायल होने पर चाचा को शहजादपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने चाचा बलविंद्र को मृत घोषित कर दिया। कंटेनर चालक ने अपना नाम महेंद्रगढ़ के बदोपुर का अनिल कुमार बताया था। पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## दवा प्रतिनिधियों की हर समस्या का हल करवाएगा संघः हरीश



पानीपत। दवा प्रतिनिधि संघ के प्रदेश संगठन मंत्री हरीश अरोडा को सम्मानित करते हुए साथी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ बीएमएसआरएम की बैठक का आयोजन एसडी कॉलेज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान हरसीमरन सिंह व सचिव प्रफुल्ल चंद्र झा ने की। जिसमें चौथी बार सर्वसम्मति से हरीश अरोड़ा को प्रदेश का संगठन मंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी और अब पानीपत इकाई की तरफ से भी सम्मानित किया गया ।इस मौके पर एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अनुपम अरोड़ा ने सभी दवा प्रतिनिधियों को मोबाइल से होने वाले मानसिक तनाव , कैंसर के बारे में अवगत करवाया। जबकि प्रदेश के संगठन मंत्री हरीश अरोड़ा ने दवा कंपनियों के बढ़ते दबाव को मद्देनजर रखते हुए मजदूर एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। हरीश अरोड़ा ने लोस चुनाव में मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। बैठक में दवा प्रतिनिधियों की तरफ से गौरव महाजन, अनिल कुमार, सुमित खनेजा, अमन मलिक, राकेश राजपूत, आशिम अंसारी, रवि प्रकाश, दीपक ग्रोवर, मोहित चोपड़ा, नवीन मुंजाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### देशी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रौंद रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है । जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। अधोया चौक के पास नाकाबंदी कर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। उससे एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रौंद बरामद किया।

### हेरोइन तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी नसीम अंसारी को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से पुलिस ने 5 ग्राम 20 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सजायाफ्ता को कट्टे के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने भारत उर्फ भरतू पुत्र रविंद्र निवासी हरि नगर, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने वर्ष 2014 में रंजिशन खंडरा गांव निवासी अजीत की सिद्धार्थ नगर में चाकू से हत्या कर दी थी। मामले में आरोपी को 20 साल की सजा हो चुकी है और वह अब जमानत पर है। भारत ने उक्त देसी पिस्तौल वर्ष 2014 में हरिनगर निवासी अमित से 20 हजार में खरीदने बारे स्वीकारा है।

### छात्र संदिग्ध हालत में लापता हुआ

**पानीपत।** पानीपत के गांव नारायणा निवासी ओमी का पुत्र संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने उसे हर संभावित स्थल पर तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। वहीं ओमी का आरोप है कि राजकीय स्कूल के टीचर व चपरासी उनके पुत्र पर अभ्रद कमेंट करते थे। इधर, ओमी की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ओमी के पुत्र की तलाश शुरू कर दी है।

### सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निदेर्शानुसार सेफ हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां रह रहे विवाहित जोड़ों से फीडबैक ली गई कि उन्हें वहां पर किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है। सेफ हाउस में इस समय 4 विवाहित जोड़े रह रहे हैं।

## युवक पर नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिला ने एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने व उसे गर्भवती करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

■ महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बुड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले रोहित नामक युवक उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी के संपर्क में आ गया। आरोपी ने बहला फुसलाकर उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी के साथ बातचीत करने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसकी बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। एक दिन उसकी बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी युवक उनके घर पर आ गया और उसकी बेटी के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर लिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी बेटी को मामले के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी अक्सर उसकी बेटी को डरा धमका कर उसके साथ गलत काम करने लगा। जिससे उसकी बेटी डरी सहमी सी रहने लगी। मगर एक दिन उसकी बेटी के पेट में दर्द हो गया। उसे चिकित्सकों के पास ले जाया गया तो पता चला कि वह 21 सप्ताह की गर्भवती है। उन्होंने बेटी से इस बारे में पूछा तो उसने आरोपी आरोपी रोहित की करतूत के बारे में राज उगल दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक रोहित के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में जांच कर रहे बुड़िया थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 केसों पर सुनवाई की गई। इस जेल लोक अदालत में 3 केसों का मौके पर निपटारा करके अंडरगोन किया गया। इन अंडरगोन किए गए केसों में 3 बंदियों को मौके पर ही रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि यह जेल लोक अदालत प्रत्येक माह में आयोजित की जाती है, जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। सीजेएम ने जेल अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा ऐसे केस इंडटीफाई करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बंदियों के केसों का निपटारा कर उन्हें रिहा किया जा सके। इस मौके पर जिला कारागार अधीक्षक सोमनाथ जगत सहित जिला कारागार का अन्य स्टाफ मौजूद था।

■ छह केसों पर सुनवाई की गई, 3 केसों का मौके पर निपटारा करके अंडरगोन किया गया

## वाहन चोर से बरामद की तीन चोरी की बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला की साढ़ौरा पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार कर उससे चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर रिमांड पर ले लिया। पूछताछ में आरोपी से चोरी की अन्य मोटरसाइकिलों के बारे में पता चलने की उम्मीद है।

■ पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया

पुलिस सूत्रों ने बताया कि साढ़ौरा थाना प्रबंधक अनिल कुमार को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर उसे बेचने के लिए दोसड़का चौक साढ़ौरा से होता हुआ हिमाचल प्रदेश के कालाआम की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजी। जांच टीम ने मार्ग पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरु कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को बाइक पर एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने बाइक को रूकने का इशारा किया तो आरोपी युवक ने मोटरसाइकिल को पीछे मोड़ लिया और भाग खड़ा हुआ। मगर पुलिस टीम ने आरोपी को पीछा करके कुछ दूर जाकर पकड़ लिया। पुलिस टीम ने आरोपी से मोटरसाइकिल के दस्तावेज मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने थोड़ी सख्ती बरती तो उसने वह मोटरसाइकिल चोरी की बता दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव आलियासपुर निवासी मोहित कुमार के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। पूछताछ में आरोपी से अभी तक चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है और अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों के बारे में पूछताछ की जा रही है।



यमुनानगर में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया वाहन चोर पुलिस कस्टडी में बैठा हुआ।

### पानीपत पुलिस ने शातिर चोर पकड़ा, 50 केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने घरों में चोरी व बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर आकाश उर्फ मुर्गी पुत्र सुधीर निवासी हरि नगर, सैनी कॉलोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की दो व बाइक चोरी की एक वारदात को खुलासा हुआ। वारदातों बारे थाना पुराना औद्योगिक व थाना शहर में अभियोग दर्ज है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में रचना पुत्री विद्यांचल निवासी सैनी कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने घर में चोरी व बाइक चोरी की दो अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदातों बारे थाना पुराना औद्योगिक व थाना शहर में अभियोग दर्ज है। वही, आरोपी आकाश उर्फ मुर्गी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी व बाइक चोरी की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 50 के करीब मामले दर्ज है। आरोपी करीब छह महिने पहले पानीपत जेल से बेल पर बाहर आया था।

## सूने घर से नकदी समेत हजारों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव मुसिंबल में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नगदी व सोने चांदी के गहनों समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।



जानकारी के मुताबिक गांव मुसिंबल निवासी हरफूल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से बाहर गया हुआ था। जब वह घर पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। उसने घर के भीतर जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा पड़ा था। उसने सामान की जांच की तो घर में रखे 50 हजार रुपये,करीब चार तोले सोने के गहनें व 20 तोले चांदी के गहनें गायब थे। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## करनाल में टीम लीडर्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा टीम लीडर्स मीट का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को करप्शन फ्री इंडिया अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विशेष उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्टेट चेयरमैन हरियाण एन. डी गोयल, जिया निदेशक अश्वनी मेहता को सम्मानित किया गया। टॉप लीडर्स सम्मान से पायल मित्तल, सुनीता गुप्ता, डॉ निशा गुप्ता, पवन शर्मा, सतीश कुमार जांगड़ा, अजीत राही, सत नारायण गर्ग, राजेंद्र कुमार, सुभाष चंद, मुक्ता, पूजा गुप्ता, राकेश छाबड़ा, महेश हसीजा, सतीश मल्होत्रा, शैलजा गुप्ता, भुट्टू राम, स्वाति गुप्ता, सौरव, सावी चौधरी, कृष्णा गुप्ता, दीपा खन्ना, आशीष कुमार, सुरेश कुमार, तरसेम कुमार, रमेश कुमार, रूपा, ईशा चौधरी, राम गोपाल, अमनदीप, सुलेखा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों जिनमें महेश हसीजा, सरीन गुप्ता, सतीश कुमार, संजीव गर्ग, रघुबीर सिंह को मेंबरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र ग्रेवाल, मोनिका चौधरी, नीतू अरोरा, परमजीत कालड़ा, तमन्ना, विकास चौधरी, सरिता गोयल आदि उपस्थित रहे।

■ एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने टाप्प लिडर्स को किया सम्मानित



## युवक ने युवती का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर किया अपलोड

### आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

युवती ने एक युवक पर उसकी फोटो व वीडियो एडिट करके आपत्तिजनक बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई की इंस्टाग्राम पर आइडी बनी हुई है। कुछ दिन पहले इस आइडी पर किसी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो व वीडियो अपलोड कर दी। वह पार्क में बैठी हुई थी। वहां से किसी ने फोटो ली और उसे एडिट कर आपत्तिजनक बनाकर वायरल कर दिया। शिकायत में बताया कि यह वीडियो व फोटो किसी कुलवंत कुमार की आइडी से पोस्ट की गई है। अब इस पोस्ट पर आपत्तिजनक कमेंट आ रहे हैं। आरोपित ने उन्हें आपत्तिजनक मैसेज भी भेजे हुए हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

■ वीडियो व फोटो किसी कुलवंत कुमार की आइडी से पोस्ट की गई

**सुरक्षा**

### सरकारी अस्पताल रादौर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

## शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने से हो सकता है डेंगू से बचाव : डॉ.परमाल

कई उपायों को अपनाकर करें अपनी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब के तत्वावधान में वीरवार को सरकारी अस्पताल रादौर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। क्लब के प्रधान निर्मल सिंह की देखरेख में आयोजित हुए कार्यक्रम में एसएमओ डॉ.विजय परमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

डॉ.परमार ने बताया कि हर साल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाता है। इस दिन डेंगू मच्छर और उससे होने वाली जानलेवा बीमारियों के बारे में जागरुकता फैलाई जाती है। मई का महीना खत्म होने से पहले भारत में मानसून दस्तक दे देता है और यही वो मौसम होता है जब सबसे ज़्यादा डेंगू के मच्छर पनपते हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू बरसात के मौसम और उसके बाद के महीनों जुलाई से अक्टूबर में सबसे ज़्यादा फैलता है, क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। ऐसे में हम सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहनने चाहिए ताकि मच्छर से बच सकें। सुबह व शाम के वक्त पांवों को पूरा ढककर रखें। डेंगू के मच्छर गंदी नालियों में नहीं बल्कि साफ-सुथरे पानी में पनपते हैं।



यमुनानगर के सरकारी अस्पताल रादौर में स्थानीय लोगों को जानकारी देते एसएमओ डॉ.विजय परमार।

#### इस प्रकार से कर सकते हैं बचाव

डॉ.परमार ने बताया कि डेंगू की बीमारी से बचने के लिए ठंडा पानी न पीयें, मैदा और बासी खाना न खाएं। खाने में हल्दी, अजवाइन, अदरक व हींग का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियां, अरबी व फूलगोभी न खाएं। हल्का खाना ही खाएं जो आसानी से पच सके। इसके अलावा नींद पूरी लें तथा खूब पानी पीयें। हो सके तो पानी को उबालकर पीयें। नाक के अंदर की तरफ सरसों का तेल लगाकर रखें। इससे तेल की चिकनाहट बाहर से बैक्टीरिया को नाक के अंदर जाने से रोकती है। मौके पर डॉ.पल्लवी मार्या, संगीता शर्मा, डॉ.एससी सैनी, मोहन लाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, भारत माटिया, करण चानना, राजीव आर्य सन्नी आदि मौजूद थे।

## पांच साल की मासूम से छेड़छाड़ करने के दोषी को पांच साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पांच साल की मासूम के साथ छेडछाड करने के आरोपी को अदालत ने पांच साल की कैद व 10,500 जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही, एक अन्य मामले में नाबालिग लड़की को अगवा करने दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है।

■ 10,500 जुर्माना की सजा सुनाई

जानकारी के मुताबिक थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपनी पांच साल की बच्ची के साथ मेडिकल सटोर पर दवाई लेने गई थी। उसकी बच्ची पीछे पीछे चल रही थी। मेडिकल स्टोर पहुंचकर उसने पीछे देखा तो उसकी बच्ची गायब थी। तलाश करने पर बिहार निवासी दलीप उसकी बेटी को अपनी गोद में लेकर छेडछाड कर रहा था। जब वह अपनी बच्ची को छुडाने लगी तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला के चल्लिाकने पर लोग वहां आ गए और बच्ची को छुडाकर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर उसके खिलाफ पोक्सो एक्टं के तहत मामला दर्ज किया था।

#### नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को सजा

जानकारी के मुताबिक कई महीने पहले थाना रादौर इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी 15 साल की बेटी को संदीप नामक युवक बहला फुसला कर कही अगवा करके ले गया है। पुलिस ने उस समय मामला दर्ज करने के बाद आरापी संदीप को गिरफतार कर लिया था। इस दोरान पुलिस ने नाबालिग लड़की को एक बंद प्लाइवुड फैक्टरी से बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट और आईपीसी की धारा 363 और 366 ए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश कर दिया था। स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। अदालत में सुनवाई पूरी होने पर आरोपी संदीप को दोषी पाए जाने पर 20 साल कैद की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 110 की आंखें जांची

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम ने 110 व्यक्तियों की आंखें जांची, वही, नौ व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आन्नद, रामसरूप चावला, सुन्दर लाल वधवा, तिलक राज छोकरा, राकेश आनंद, राजन छोकरा, श्याम लाल ग्रोवर, नरेश आनंद, गुलशन छोकरा, पूर्ण इश पुनानी, सुभाष इशपुनानी, सुमित वधवा व बलजीत आनंद आदि मौजूद रहे।

### परशुराम कॉलेज को तीन कोर्स मिले

**पानीपत।** भगवान परशुराम कॉलेज ऑफ एजूकेशन के प्रबंधक डॉ.दिनेश मोदगिल ने बताया कि भगवान परशुराम कॉलेज ऑफ एजूकेशन गांव नारा को सेशन 2024-25 से कॉलेज में बीबीए, बीसीए व बीएससी कम्प्यूटर साइंस तीन नए रेगुलर कोर्स प्रारंभ होने जा रहे हैं। इन कोर्स के लिए चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद ने जनवरी में निरीक्षण किया। जिसके आधार पर कॉलेज को इन तीन नए कोर्स की मान्यता कॉलेज को दी है।

### राजाखेड़ी स्कूल में साइंस टीचर्स को ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी स्थित राजकीय माडल संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिसका समापन आज नेस्ले इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों को विज्ञान से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आईएमटी से निक्की, अंकित कुमार, सूरज व श्वेता ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचाय सुमिश्रा सांगवान ने शिविर लगाने, सहयोग करने, प्रशिक्षण देने व प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले शिक्षकों का स्वागत किया गया।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**पानीपत।** कक्षा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें आरएस पब्लिक स्कूल सौदापुर से कुल 16 बच्चों ने बोर्ड की परीक्षा दी जिसमें परिणाम शत प्रतिशत रहा और 14 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। जिसमें विद्यालय में अभय पुत्र बजरंग वर्मा 480 अंक के साथ स्कूल में अव्वल रहा। जबकि साहिल पुत्र महेन्द्र वर्मा 474 अंक लेकर दूसरे स्थान पर, नीति पुत्री हरदीप सैनी 470 से हिमांशु व हरिराम 470 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्कूल के संचालक वीरेंद्र सैनी और प्रधानाचार्या ललिता शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई खिलाकर बच्चों तथा स्टॉफ को बधाई दी।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने गोहाना रोड पर एफसीआई गोदाम के पास छात्र आदित्य उसके पिता सुरेंद्र व चाचा सुंदर निवासी गांव महराणा जिला पानीपत पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों साहिल निवासी बिंझौल हाल विकास नगर व रजनीश निवासी विकास नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया।

## भारत निर्वाचन आयोग युवाओं को मतदान करने की दे रहा प्रेरणा

# मतदाता पोलिंग बूथ पर जाकर अवश्य करें मतदान: कैप्टन

### जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में टर्निंग 18 की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

भारत निर्वाचन आयोग ने युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने और अपना वोट बनवाने के लिए टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए एक अनूठी पहल की है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया में भी पूर्णतः सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने नए मतदाताओं को 25 मई को होने वाले मतदान के लिए अपने बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नए मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से तीस साल की आयु के हैं। उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है।

यह युवा अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं। जिला में भी प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि पहली बार मतदाता सूची में शामिल हुए युवा बूथ पर जाकर अपना वोट डालकर आएं और लोकतंत्र के पावन यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि टर्निंग 18 का अर्थ कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि को चुनें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी तादाद में जिला के युवाओं ने अपने वोटर आईडी कार्ड बनवा कर मतदाता सूची में नाम लिखवाया है। प्रशासन का प्रयास है कि जिन युवाओं के नए वोट बने हैं। वह सभी पोलिंग बूथ पर जाकर वोट करें। जिससे कि उन्हें अपनी नई जिम्मेदारी का एहसास हो सके।

**नए मतदाताओं का वोट देना नया अनुभव**

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि पहली दफा वोट देना हर एक नौजवान के लिए एक नया अनुभव है। इसे अवश्य हासिल करना चाहिए। चुनाव का पर्व देश का गर्व की थीम पर निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम तैयार किया है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को भ्रामक समाचारों के प्रति सचेत रहने के लिए सोशल मीडिया में नई शुरुआत की है। जिसमें बताया जाता है कि फर्जी समाचार कौन से हैं और इनसे मतदाताओं को सावधान रहना चाहिए।

### दिल के रोगों के उपचार में लैंडमार्क ट्रायल प्रभावी

**पानीपत।** मेरिल लाइफ साइंसेस के लैंडमार्क ट्रायल ने मैवाल ट्रांसकैथेटर हार्ट वाल्व सीरीज की सुरक्षा और प्रभावों को मुख्य रूप से चिन्हित किया है जो यूरोपीसीआर 2024 में एक प्रमुख लेट-ब्रेकिंग ट्रायल के रूप में उभरा है। इस ट्रायल में 31 साइट्स पर 768 रोगियों को शामिल किया गया जो रीसर्च में रोगियों के स्वास्थ्य की देखभाल में मेरिल के योगदान को दर्शाता है। संजीव भट्ट, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मेरिल कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी ने बताया कि हार्ट इंटरवेंशन में ये एक अहम कदम है, लैंडमार्क आरसीटी ने मैवाल ट्रांसकैथेटर हार्ट वाल्व सीरीज के लिए जो परिणाम दिए वो बाकी समकालीन तकनीकों और टी.एच.वी. उपकरणों के साथ इसको जरा भी कम नहीं आंकते हैं। लैंडमार्क ट्रायल के चेयरमैन और स्टडी डायरेक्टर प्रोफेसर सेरस ने कहा मैवाल टी.एच.वी. सीरीज अगली पीढ़ी का टी.एच.वी. उपकरण हैं; ये सैपियन और इवॉल्ट टी.एच.वी. सीरीज के समकक्ष है। ग्लोबल प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर आंद्रेस बौम्बाक के अनुसार, लैंडमार्क ट्रायल ने दिखाया कि मैवाल टी.एच.वी. सीरीज की परफॉर्मेंस उतनी ही सुरक्षित और असरदार थी जितनी कि कन्टेम्पररी टी.एचवी. सीरीज की है। ये एक ऐसा वाल्व है जो रोगियों के रोजमर्रा के लिए बनाया गया है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक के दौरान नवनियुक्त प्रधान को सम्मानित करते कमेटी के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# वेदप्रकाश बने धर्मशाला कमेटी के नए प्रधान

- शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में हुआ बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला के सदस्यों की बैठक वीरवार को धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राजिंदर रादौरी ने की। बैठक में हरियाणा काम्बोज सभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ज्ञान सिंह काम्बोज विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में धर्मशाला के सचिव जयप्रकाश कांजनू व कमल चमरोड़ी ने धर्मशाला का लेखा जोखा पेश किया। बैठक में सर्वसम्मति से वेद प्रकाश काम्बोज धानुपूरा को धर्मशाला कमेटी का प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं राजेश रतनगढ़ को उपप्रधान, सतीश संधाली को सचिव, वीरेंद्र काम्बोज बकाना को कोषाध्यक्ष, सुरेश काम्बोज दामला को संरक्षक बनाया गया जबकि राजेन्द्र रादौरी, रणबीर मंधार, माया राम अमलोहा, शिव कुमार सन्धाला को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान वेद प्रकाश काम्बोज ने कहा कि धर्मशाला कमेटी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही धर्मशाला से जुड़े हुए सभी सदस्यों की बैठक बुलाएंगे। जिसमें धर्मशाला की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

# छात्रों ने किए सांझा अपने अनुभव

- रादौर के ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** सरकारी कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते अतिथि। – *फोटो: हरिभूमि*

रादौर के ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में वीरवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या चंचल रानी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। जबकि अध्यक्षता शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक प्रोफेसर सतपाल ने की। प्राचार्या चंचल रानी ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह है और आगे भी हर साल इस समारोह का आयोजन करते रहेंगे। मौके पर पूर्व छात्रों के एक संगठन का चुनाव किया गया। जिसमें प्रधान पद पर गोविंद, उप प्रधान योगिता वर्मा, सचिव सुखचैन, सहसचिव हर्ष व हिमानी सच देवा व वित्त सचिव के रूप में जतिन कांबोज को चुना गया। प्राचार्य चंचल रानी ने सभी को गमले देकर सम्मानित किया गया।

प्रोफेसर सतपाल ने कहा कि छात्र हमारी धरोहर हैं और महाविद्यालय अपने सभी छात्रों का आभारी है। हम अपने इन छात्रों पर गर्व करते हैं। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और महाविद्यालय के अपने अनुभव सांझा किए। डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने सभी पूर्व छात्रों का धन्यवाद किया।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की मांग न सुनना गलत : रमेश

- रादौर की शहीद उद्यम सिंह कांबोज धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की आयोजित हुई बैठक
- बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों ने उनकी मानी गई मांगे लागू नहीं करने की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक के दौरान रोष जताते हुए रिटायर्ड कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक रादौर के सदस्यों की कस्बा स्थित शहीद ऊधम सिंह कांबोज धर्मशाला में मांगो को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ नेता रमेश कुमार ने की। जबकि अध्यक्षता रिटायर्ड अध्यापक महिपाल चमरौड़ी ने की। संघ के वरिष्ठ नेता रमेश कुमार ने कहा कि उनकी पिछले लंबे से मांगे लंबित पड़ी हैं। मगर सरकार उनकी मांगो की अनदेखी कर रही है। जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि हैरत की बात तो यह है कि सरकार द्वारा मानी की गई मांगो को भी लागू नहीं किया जा रहा है। जिससे रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। मौके पर उन्होंने सरकार से 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर पेंशन में पांच-पांच प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग की। रिटायर्ड अध्यापक महिपाल चमरौडी ने बताया कि सरकार कैशलेस मेडिकल सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से देना चाहती है। जिसका रिटायर्ड कर्मचारी संघ पुरजोर विरोध करता है। कैशलेस मेडिकल सुविधा पूर्ण रूप से सरकार द्वारा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से मेडिकल भत्ते में वृद्धि किए जाने, कम्युटेशन की अवधि 10 वर्ष किए जाने, 12 वर्ष संबंधी कोर्ट का जो स्टे आर्डर आया है उसका सामान्यकरण किए जाने, डीए की बकाया तीन किस्त शीघ्र जारी किए जाने, पेंशन की राशि आयकर मुक्त किए जाने, सभी कर्मचारियों पर पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने, सभी वरिष्ठ नागरिकों को पहले की तरह बस, रेल तथा हवाई यात्रा के किराए में छूट दिए जाने आदि की मांग की गई। मौके पर रिटायर्ड अध्यापक प्यारेलाल तंवर ने कहा कि सरकार केवल कॉपार्रेट जगत के हितों की पैरोकार बनी हुई है। आमजन पर करों का बोझ डाला जा रहा तथा कॉरपोरेट घराने को टैक्सों मे छूट दी जा रही है। बडे पूंजीपतियों से चंदा लेकर सरकारी संपत्तियां कौड़ियों के भाव उन्हें सौंपी जा रही हैं। जिस कारण मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है। अपनी मांगों की अनदेखी से रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने सरकार से उनकी मानी गई मांगो समेत लंबित पड़ी सभी मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

# घर पर वोट डलवाने के लिए कमेटी को दिया प्रशिक्षण

- जिले में 175 मतदाताओं ने दी फार्म 12 डी भरकर सहमति
- गर्भवती महिलाओं, दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर पर मिलेगी वोट डालने की सुविधा : सेतिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में घर पर वोट डलवाए जाने वाली गठित की गई कमेटी के सदस्यों को प्रशिक्षण देते सीईओ। *फोटो: हरिभूमि*

राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक व 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर न जाकर घर पर ही वोटिंग करवाने का प्रावधान किया है। इसके तहत जिले में ऐसे मतदाताओं को लाभ देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने जिला सचिवालय के सभागार में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। जिला परिषद के सीईओ पंकज सेतिया ने बताया कि जिले में ऐसे नागरिक जिनकी आयु 85 वर्ष से ऊपर है और 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाएं जो कि बूथों पर जाकर मतदान नहीं कर सकती हैं। इसके लिए जिले में 12 डी फार्म भरवाया गया था।

जिनसे 12 डी फार्म भरवाया गया है उनका मतदान 18 व 19 मई को गठित कमेटी द्वारा घर पर जाकर करवाया जाएगा। इस कमेटी में 5 सदस्य होंगे। जिसमें दो पोलिंग ऑफिसर, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक विडियोग्राफर और एक पुलिस सिक्योरिटी ऑफिसर सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे कुल 175 मतदाता चयनित किए गए हैं। जिनमें 27 फार्म रादौर विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित हैं। जो कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के अंतर्गत आता है। जबकि 148 फार्म जगाधरी, यमुनानगर व साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के हैं जो कि अंबाला लोकसभा के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस कार्य के लिए तीन तीन टीमें गठित होंगी। जो कि घर जाकर मतदान करवाएंगी।

मौके पर एडीसी एवं यमुनानगर के एआरओ आयुष सिन्हा, एसडीएम छछरौली राजेश पूनिया, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार चुनाव गुलशन कुमार, मास्टर ट्रेनर उमा दत्त शर्मा, दीपक कुमार मंथन आदि मौजूद रहे।

# डाटा को संभालने में सक्षम ईआरपी सॉफ्टवेयर

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में ईआरपी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में वीरवार को फैकल्टी डेवलपमेंट सेल के तत्वावधान में ईआरपी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू जैन ने की। मुख्य वक्ता के रुप में ओकी डोकी सेल्यूशन्स एलएलपी के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर विश्वास सेहरा ने भाग लिया। मौके पर एफडीपी सेल कन्वीनर डॉ. सुरेंद्र कौर मौजूद रही। मुख्य वक्ता विश्वास सेहरा ने बताया कि ईआरपी सॉफ्टवेयर बड़े छात्र डाटा को संभालने और सिस्टम से सभी संग्रहित डाटा को कुशलतापूर्वक दोबारा प्राप्त करने में सक्षम है। यह छात्र के प्रदर्शन का समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने कि लिए नामांकन, प्रवेश, कक्षा और अनुभाग आबंटन व विषय आदि की प्रक्रिया का प्रबंधन कर सकता है। उन्होंने बताया की ईआरपी सॉफ्टवेयर के माध्यम से विद्यार्धियों का ऑनलाइन प्रवेश करने, रिपोर्ट तैयार करने, आईडी कार्ड बनाने, ऑनलाइन संचार करने, पाठ्यक्रम व समय सारिणी प्रबंधित करने, ऑनलाइन मूल्यांकन करने, छात्र प्रगति को ट्रैक करने व डाटा विश्लेषण का भी काम किया जा सकता है। इसके साथ ही ईआरपी सॉफ्टवेयर के द्वारा लाइब्रेरी प्रबंधन, ऑनलाइन फीस जमा करवाना, विद्यार्थियों की कक्षा में उपस्थिति दर्ज करना, विभिन्न गतिविधियों का रिकॉर्ड रखने के काम को स्वचालित किया जा सकता है। खाते तैयार करने का काम भी बिना त्रुटि व कम समय में सुगमता से हो जाता है ।

# लोकतंत्र के महापर्व में जरुर करें मतदान

- क्षत्रिय महासभा ने कांबोज धर्मशाला रादौर में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** आयोजित क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोग।

लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जिला प्रशासन समेत विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षत्रिय महासभा द्वारा कांबोज धर्मशाला रादौर में कार्यक्रम का आयोजन कर समाज समेत सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में राष्ट्रहित के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय महासभा के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने की। जबकि कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में महासभा के जिला प्रधान रामबीर सिंह तिगरा मौजूद रहे। महासभा के क्षत्रिय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में देश के लोगों को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी लोगों ने अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रताप खजूरी, धर्मपाल घिलौर, संदीप राणा उन्हेडी, भीम सिंह , दलीप सिंह कमालपुर, प्रो. रविश यमुनानगर, भूपेंद्र सिंह लालछप्पर, राजपाल नाचरौन, रामपाल सरपंच अंटावा, चंदन सिंह पालेवाला, अशोक चौहान, वेदप्रकाश कमालपुर, मोहित राणा सरपंच उन्हेडी, नरेंद्र गोलनी व मास्टर राजबल गोलनी आदि मौजूद रहे।

## नागरिक अस्पताल में आयोजित किया कार्यक्रम

# डेंगू से बचाव में बरतें सावधानियां: डॉ. सैनी

- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला सैनी ने लिया भाग
- लोगों को डेंगू व चिकनगुनिया बीमारी से बचाव के लिए जागरुक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डेंगू व चिकनगुनिया से सावधानियां बरतने की सलाह देते हुए चिकित्सक। *फोटो: हरिभूमि*

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर वीरवार को मुकंद लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को डेंगू व चिकनगुनिया बीमारी से बचाव के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला सैनी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने की।

**डेंगू डीईएनवी वायरस से फैलता**

मुख्यातिथि एवं उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम में सौ से अधिक देशों में लोग डेंगू व चिकनगुनिया से प्रभावित होते हैं। इसलिए इन बीमारियों से बचाव को लेकर राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डेंगू कई प्रकार के वायरसों डीईएनवी, सीरोटाईप वन, डीईएन-2, डीईएन-3 व डीईएन-4 के संक्रमण से फैलता है। यह मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। जो इन वायरसों से संक्रमित होता है। उन्होंने बताया कि यह मच्छर आमतौर पर दिन के समय काटता है तथा इसके लक्षण तीन से 14 दिनों के बाद विकसित होते हैं। इसलिए डेंगू और चिकनगुनिया आदि बीमारी से बचाव को लेकर सावधानियां बरतनी चाहिएं। मौके पर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्य मंगला ने बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है, जो ऐडीज मच्छर से फैलती है तथा यह मच्छर रूके हुए साफ पानी में ही पनपता है। इसलिए बर्तनों, कूलर, टंकी, फरीज ट्रे, गमलों आदि की साफ-सफाई करें। ताकि उनमें पानी एकत्र ना हो। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचने के लिए अपने आस-पास गड्डों को मिट्टी से भरवाऐं और कहीं भी पानी एकत्र ना होने दें।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**कुरुक्षेत्र।** जूनियर रेडक्रॉस कोर्स पास छात्र छात्राओं को उनके स्कूल राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव खैरी मे सुभाष चौहान मास्टर व मास्टर मुकेश की मौजूदगी में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य गुरप्रीत सिंह ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस आवसर पर संदीप कुमार मुरली वालंटियर ने भी छात्रों को उनके प्रमाण पत्र वितरित किए। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस कुरुक्षेत्र के सचिव डॉ सुनिल कुमार और डीटीओ कुमारी अंजू के मार्गदर्शन मे वे आज इस कार्यक्रम मे पहुंचे है।

### यज्ञ से मनुष्य का जीवन बनता मंगलमय : हरिओम

**थानेसर।** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में गुरुवार को जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान कलश यात्रा और काष्ठ घर्षण से अग्नि प्रकट करके विधिविधान से आरम्भ हुआ। पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी और नरेश सैनी ने बताया कि राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से गांव बिशनगढ़ के शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने यह अनुष्ठान 23 मई तक त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन सान्निध्य में चलेगा।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**पिहोवा।** डा. नमिता गुप्ता के आदेशानुसार सीएचसी पिहोवा, पीएचसी सारसा के एरिया सब सेंटर रुआ में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। एसएमओ डा. नमिता गुप्ता ने सीएचसी पेहवा के सभी एचआई, एमपीएचडब्ल्यू, एम, एएनएम और आशा वर्कर की मीटिंग ली। प्रभारी डॉक्टर नमिता गुप्ता एसएमओ सीएचसी पिहोवा ने सभी कर्मचारियों व आशा वर्कर को डेंगू दिवस पर डेंगू मच्छर की पहचान, बचाव व इलाज के बारे अवगत करवाया।

### सतलुज स्कूल को बेस्ट फैकल्टी अवार्ड से नवाजा

**शाहबाद।** पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोशियेसन इंडिया द्वारा अमेटी यूनिवर्सिटी जयपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शाहाबाद के सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल को बेस्ट फैकल्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया। सतलुज स्कूल के प्रिंसिपल डॉ आरएस घुम्मन ने बताया कि हमारा स्कूल पिछले 38 वर्षों से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए विशेष रूप से कार्यरत है और कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए एक स्कूल में बेहतरीन टीचिंग स्टाफ की आवश्यकता होती है।

### परीक्षा में अच्छे अंक लाने के सिखाए गुर

**लाडवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने अपने लाडवा-बाबैन क्षेत्र के दौरे में बच्चों से संवाद किया और उन्हें परीक्षा में अच्छे अंक लाने के गुर सिखाए। लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव जालखेड़ी, भैणी, कंडोली भूखड़ी, संघौर, मंगोली जाट्टान, सैनी माजरा, बीड मंगोली, खमडी, बुहावी, ईशरगढ़, डीग, बीड़ सूजरा, हमीदपुर व रामसरन माजरा पहुंच कर नवीन जिन्दल ने विकसित कुरुक्षेत्र के सपने साकार करने में सहयोग करने की अपील करते हुए ग्रामीणों से समर्थन मांगा।

### गीता निकेतन विद्यालय में समारोह आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य नारायण सिंह तथा अन्य सभी वरिष्ठ आचार्यों ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 के घोषित परीक्षा परिणाम में 90%से अधिक अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया।

---

## केयू के सामुदायिक केंद्र व शूटिंग हॉल में बनाए गए मतगणना केंद्र

# लोकसभा चुनावः मतगणना के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें : शांतनु

### जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव-2024 को मतदान होगा और आगामी 4 जून को लोकसभा आम चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सामुदायिक केंद्र और शूटिंग हॉल में मतदाता पेटियों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे थे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सामुदायिक केंद्र में लाडवा व शाहबाद के लिए तथा शूटिंग हॉल में पिहोवा व थानेसर के लिए स्ट्रांग रूम बनाए गए है, यहीं पर लोकसभा आम चुनाव की संबंधित क्षेत्र वाइज मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने संबंधित सभी एआरओ को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे निरंतर चलने चाहिए। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र वाइज बनाए मतगणना केंद्र में एलईडी होनी चाहिए, इसके अलावा बिजली की व्यवस्था सुचारु रुप से हो तथा पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि सभी को मॉक पोल, मतदान के बाद मशीन को सील बंद करने का तरीका, मतदान के दौरान मशीन खराब होने पर उठाए जाने वाले कदमों, विभिन्न फार्मों को भरने का तरीका आदि विषयों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान आर्ब्जवर रूम की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने एआरओ को कहा कि मतगणना सही समय पर शुरू हो, इसका पूरा ध्यान रखना होगा। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीने, वीवीपैट व सीयू की रखने की व्यवस्था के तहत मार्किंग के भी निर्देश दिए ताकि मतगणना के दौरान मतगणना से संबंधित कार्य को बेहतर तरीके से किया जा सके।उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सामुदायिक केंद्र और शूटिंग हॉल में मतदाता पेटियों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सुरक्षा की दृष्टि से किसी प्रकार की कोई कोताही ना हो, इसके लिए भी समय रहते सभी इंतजाम पूरे कर लें।

### राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी व प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिएः जिला निर्वाचन अधिकारी

मतगणना के दिन संबंधित राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी व प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ-साथ सभी कर्मचारियों के पास चुनाव आयोग व जिला प्रशासन द्वारा जारी पहचान पत्र होने चाहिए तथा डयूटी के दौरान वह अपने पहचान पत्रों को पहनना भी सुनिश्चित करें। मतगणना के दौरान सभी संबंधित सेंटरों की 100 मीटर की परिधि के अंदर किसी प्रकार के वाहन को खड़े करने की अनुमति नहीं होगी। लोग भी एकत्रित नहीं होंगे। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए हमें सभी कार्यों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन राउंड वाईज आने वाले परिणाम तभी मतगणना केंद्र से बाहर जाए, जब उस पर संबंधित एआरओ के हस्ताक्षर हों। मीडिया कर्मियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, जो कि मतदान व मतगणना के दिन के लिए होंगे। उन्होंने एडीसी डा. वैशाली शर्मा को कहा कि संबंधित मतगणना केंद्रों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, एआरओ सुरेंद्र पाल, एआरओ अमन कुमार, चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य कर रहा पूरा

*कुरुक्षेत्र। लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर सामान्य पर्यवेक्षक डा. माधवी खोड़े चवरे व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला सचिवालय के एनआईसी के वीसी रूम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम को लेकर द्वितीय स्तर का रेंडमाइजेशन किया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान लोकसभा क्षेत्र के 1848 मतदान केंद्रों की ईवीएम की द्वितीय रेंडमाइजेशन द्वारा बीयू, सीयू व वीवीपैट बूथ वाइज अलॉट की गई। सामान्य पर्यवेक्षक डा. माधवी खोड़े चवरे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहे। अपनी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निर्वहन करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र तरीके से करवाने को लेकर अपनी जिम्मेदारियां को समझे व उनका शुद्ध रूप से पालन करें। चुनाव में पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आचार संहिता का शुद्ध रूप से पालन करते हुए चुनाव में अपनी ड्यूटी निभाने मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाया जा सके। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए और गंभीर होने की आवश्यकता है। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, एसडीएम सुरेंद्र पाल, सीटीएम रमन गुप्ता, चुनाव तहसीलदार सरला के साथ-साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।*

---

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ संजय



कुरुक्षेत्र। पौधारोपण करते सोसाइटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जनकल्याण हाउसिंग अपार्टमेंट ओनर्स सोसाइटी सेक्टर आठ, वाह फाउंडेशन के सहयोग व अभय सिंह यादव कार्यकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में सेक्टर 8 के बड़े पार्क में वृक्ष व फूलों के पौधे लगाये गए। संस्था के प्रधान अशोक गर्ग ने वाह फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पार्को के रखरखाव में विशेष रूचि ले रही है। संस्था के पूर्व प्रधान डॉ संजय शर्मा ने सोसाइटी में रहने वाले परिजनों व बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण हम सभी को चैन की सांस दे सकता है। चूंकि वन हमारी भूमि के फेफड़े हैं। पेड़ हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं। अधिक वृक्षारोपण ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान सतबीर सिंह, सचिव प्रदीप गुप्ता, मानिक लखनपाल,शमशेर सिंह जे.ई.,वाह फाउंडेशन के जसबीर, प्रवीण, संदीप शर्मा, वरुण, नरेंदर व संस्था के सदस्यगण मौजूद रहे।

### बाबा श्रवण नाथ विद्यालय का परिणाम शानदार



**पिहोवा।** बाबा श्रवण नाथ विद्यालय में दसवीं कक्षा के आये बोर्ड परीक्षा परिणाम मे 47 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया इसको लेकर विद्यालय में सम्मानित समारोह रखा गया। कार्यक्रम के दौरान मेरिट आए हुए विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। दिव्या लक्ष्मी ने 98 प्रतिशत अंक लेकर जो मुकाम हासिल किया उसको लेकर दिव्या लक्ष्मी को विशेष सम्मान दिया गया। भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया उन्होंने कहा की हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल प्रदान करती है जो हमें अपने जीवन में सफल होने में मदद करती हैं। शिक्षा हमें नौकरी और करियर के बेहतर अवसर प्रदान करती है। शिक्षित लोग अधिक पैसे कमाने और बेहतर जीवन जीने की अधिक संभावना रखते हैं। शिक्षा हमें स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने कहा शिक्षित लोग अपने जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।

---

## कुरुक्षेत्र में दो बेहतरीन कौशल केंद्र स्थापित करेंगेः नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने और युवाओं के रोजगार व स्वरोजगार के लिए वे विश्व स्तरीय दो कौशल विद्या केंद्र की स्थापना क्षेत्र में करेंगे, जहां नौकरी देने दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां आएंगी। वे रेलवे रोड पर धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा में आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में पिछड़ा वर्ग ए, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, पंच, सरपंच, जिला परिषद व ब्लॉक समिति के सदस्य, पिछड़े वर्ग की धर्मशालाओं के प्रधान व अन्य मौजिज नागरिक मौजूद रहे। उन्हें संबोधित करते हुए नवीन जिन्दल ने कहा कि कौशल विद्या केंद्र हमारे युवाओं का पथ-प्रदर्शक बन कर पूरे मान-सम्मान से जीने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के संयोजक व पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र माजरी, अनिल धीमान के अलावा अन्य सदस्यों ने नवीन जिन्दल का स्वागत किया और उन्हें अपने हाथ उठा कर साथ देने का वायदा किया। इस अवसर पर श्याम लाल जांगड़ा पूर्व लोकपाल एवं सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सचिव मदन मोहन छाबड़ा,



जनसभा को भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल हल भेंट करते टेकचंद व कार्यक्रम आयोजक। फोटो : हरिभूमि

सुंदर लाल धीमान, इंद्र कुमार, कर्मबीर पांचाल, शीतल भट्ट, बक्शीश सिंह, ईश्वर सिंह रजक, राजीव कश्यप, मनजिंद्र कश्यप, बलजीत, जीता राम, जसबीर एरदान ईशाक, संत राम शोरगिर, रामकुमार वर्मा, विष्णु गोस्वामी, सोरण रबारी, देवी दयाल रबारी, श्याम लाल एडवोकेट, सरदारा राम जोगी व सूरजभान जोगी, राजेश सेन, देवी प्रजापति, शमशेर बड़थल, रमेश पाल, राजीव धीमान, कृष्ण धीमान, नीरज धीमान, ओमप्रकाश जोगनाखेड़ा, राजबीर धीमान, कर्मवीर पांचाल, सुभाष पपोसा, शमशेर पाल आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार अवार्डी टेक चंद धिकताना ने लकड़ी का हल नवीन जिंदल को भेंट किया।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता निवास : सुमित

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में वंदना सभा में शारीरिक स्वच्छता एवं पोषण युक्त भोजन की जानकारी देते हुए भारत सरकार द्वारा चलाए गए अनीमिया मुक्त अभियान के बारे में छात्रों को बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य और स्वच्छता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। हमें स्वच्छता का पूर्ण ख्याल रखना चाहिए और अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करना चाहिए। लेकिन कई बार हमें पूरे पोषक तत्व प्राप्त नहीं होते। स्कूल जाने वाले बच्चों को हर दिन कई प्रकार के खाद्य पदार्थों की आवश्यकता होती है जो उनके शरीर को उचित पोषक तत्व प्रदान करें।



### हिम्मत सिंह के चेयरमैन बनने पर बांटे लड्डू

**कुरुक्षेत्र।** एड. हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन बनाए जाने के हरियाणा सरकार के फैसले से रोड़ समाज खासा उत्साह नजर आ रहा है। रोड धर्मशाला में मौजूद लोगों ने इसके लिए हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद व्यक्त किया और लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। मौके पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि हिम्मत सिंह को एचएसएससी का चेयरमैन बनाने से रोड़ समाज में खुशी की लहर है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में सभी वर्गों के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह की सरकार ने हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाने का काम किया, जिससे पूरे समाज में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर गुरदयाल सुनहेड़ी, प्रवीण चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।



### एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पिहोवा।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा खंड पिहोवा में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 मई से 16 मई खंड कार्यालय पिहोवा में किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग द्वारा अध्यापकों को प्रेरित किया गया कि वे इस कार्यक्रम में सिखाए गए मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक अर्थात एफ एल एन से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले व विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करें। इस प्रशिक्षण में खंड के सभी बीआरपी व एबीआरसी भी शामिल रहे व अपना उत्तरदायित्व निभाया। कार्यशाला में एफ एल एन के खंड संयोजक मिंटी रोहिला, दिनेश मैहला सुमन सैनी, सरिता, भगवान, सुरजीत सिंह, अर्चना, निक्को, पूजा सुशील, निशा, ज्योति, जसबीर आदि रहे।

---

## चिकित्सा शिविर में 176 का जांचा स्वास्थ्य



कुरुक्षेत्र। शिविर में जांच करते चिकित्सक।

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र संघ एवम श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आस आयुवेर्दा, छोटा बाजार, कुरुक्षेत्र के डॉ भूपेश वशिष्ठ एवम उनकी टीम, कबीर आयुर्वेद की डॉ दीपा पुरी एवम उनकी टीम द्वारा स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में गीता ज्ञान संस्थानम में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन कुरुक्षेत्र डॉ सुखबीर सिंह एवम जिओ गीता के महासचिव प्रदीप मित्तल ने किया। शिविर का समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 5 बजे तक रहा। इस चिकित्सा शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा 176 मरीजों को हर प्रकार की बीमारी का निःशुल्क परामर्श एवम औषधि वितरण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर एवम मधुमेह की जाँच भी की गयी। संघ के अध्यक्ष डॉ सुरेश शर्मा ने बताया कि पूर्व छात्र संघ द्वारा स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस को सेवा सद्भावना दिवस के तौर पर मनाते हुए हर वर्ष निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में डॉ नवप्रीत, डॉ सुनिधि, डॉ संजय, पंचकर्म थेरेपिस्ट रानी, पंचकर्म थेरेपिस्ट अशोक सैनी, अरुण दहिया, विजय ने सेवा दी। इस शिविर में मुख्य सहयोगी मंगत राम जिंदल, मदन मोहन छाबडा, विजय नरूला, जसवंत सैनी, धर्मपाल शर्मा, प्रदीप, अनिल शर्मा, रविंदर, साहब सिंह उपस्थित रहे।

## गीता निकेतन के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मतदान के लिए जागरूक करते गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी।

चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा राष्ट्रहित में मतदान के उद्देश्य से गीता निकेतन आवासीय विद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए बनाए गए पोस्टर,पेंटिंग एवं स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों द्वारा टोलियां बनाकर विद्यालय समय के बाद विभिन्न मोहल्लों में जाकर जनता को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदान के महत्व से लोगों को अवगत कराया।शाम के समय शिक्षक दो भागों में एकत्र होकर छात्रों की नुक्कड़ नाटक की दो टीम साथ लेकर जिसमें विद्यालय के आवासीय छात्रों की एक टीम ने 17 सेक्टर, बस अड्डा, एल.आई. सी. मार्किट , बिड़ला मंदिर में अपनी प्रस्तुति दी।

## कन्याओं का पूजन कर मनाया मां सीता का प्रकट दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ में वीरवार को मां सीता का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। संघ संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज की प्रेरणा से श्रद्धालुओं ने श्री राम दरबार की पूजा की। इस से पूर्व ओंकार महायज्ञ व कन्याओं का सामूहिक पूजन भी हुआ। सभी परिवारों ने अपनी अपनी ज्योति से मां की आराधना की। स्वामी शक्तिदेव महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सीता माता का प्रकट दिवस सीता नवमी को मनाया जाता है। इस विशेष दिवस पर मां की पूजा करने वालों को भूमि लाभ, आर्थिक लाभ व संतान की प्राप्ति होती है और जीवन सुखमय बनता है। संघ संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित ने कहा कि हमें गुरु के सानिध्य में प्रतिदिन पृथ्वी का सीता माता के रूप में नमन करना चाहिए। इससे पृथ्वी पर रहने वाले जीव को कभी अकाल कष्ट नहीं आता। इस अवसर पर संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित, पं मांगे राम आदि मौजूद रहे।

---

### डेंगू से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक, लक्षण और उपचार बताए

# डेंगू दिवसः साफ पानी में पनपते हैं जानलेवा डेंगू के मच्छर

- **डेंगू के लक्षणः डेंगू में 104 फारेनहाइट डिग्री का बुखार होता है,सिर दर्द,मांसपेशियों हड्डियों और जोड़ों में दर्द व उल्टी लगना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा डेंगू दिवस पर राजकीय उच्च विद्यालय, पलवल जागरूक कैंप का आयोजन किया गया। डॉ गुरवीर कौर एम डी मेडिसिन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डेंगू बुखार, जिसे आमतौर पर हड्डी तोड़ बुखार के रूप में भी जाना जाता है, एक फ्लू जैसी बीमारी है, जो डेंगू वायरस के कारण होती है। डेंगू चार वायरसों के कारण होता है, जो इस प्रकार हैं - डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4। जब यह पहले से संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो वायरस मच्छर के शरीर में प्रवेश कर जाता है और बीमारी तब फैलती है जब वह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, और वायरस व्यक्ति के रक्तप्रवाह के जरिये फैलता है। डेंगू के लक्षण :डेंगू में 104 फारेनहाइट डिग्री का बुखार होता है,सिर दर्द,मांसपेशियों हड्डियों और जोड़ों में दर्द,जी मिचलाना,उल्टी लगना,आंखों के पीछे दर्द ग्रंथियों में सूजन,त्वचा पर लाल चकत्ते होना तीन प्रकार के बुखार होते हैं, जिनसे व्यक्ति को खतरा होता है, जो इस प्रकार हैं हल्का डेंगू बुखार, डेंगू रक्तस्त्रावी



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को जागरूक करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम। स्वच्छता का अत्यधिक महत्व है, उस पर विशेष ध्यान दे, खूब तरल पदार्थ पीयें और आराम करें। त्वचा को खुला न छोड़ेंः अपनी त्वचा की सतहों को ढकने और मच्छर के दंश की संभावना को कम करने के लिए लंबी पैंट और पूरी बाजू की शर्ट पहनने की कोशिश करें। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अत्यधिक सक्रिय होते हैं, इसलिए ऐसे समय में बाहर निकलने से बचने की कोशिश करें। मच्छर रोधी क्रीम,ठहरे हुए पानी को कीटाणुरहित करेंः एडीज मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। पानी के बर्तन या टंकी को हर समय ढककर रखें। ऐसे किसी भी बर्तन या सामान को उल्टा करके रखें, जिसमें पानी इकट्ठा हो सकता है और सतहों को अच्छी तरह से साफ करें। डॉ संजय शर्मा बीएएमएस, आयुर्वेद विशेषज्ञ ने भी गर्मी के मौसम में अपनी दिनचर्या को कैसे सुव्यवस्तीत रख सके, कैसा खान पान हो इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों व स्कूल स्टॉफ ने चिकित्स्कों से अपने अपने रोगों के बारे में चर्चा व परामर्श लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्यध्यापक मनबीर शर्मा, सतवंत कौर, सुशील, अजय गोयल, रेखा रानी, गुरदीप कौर, पिंकी, मधु सैनी, सीमा रानी, सुनील कुमार, प्रियंका, सुमन लता, ममता रानी, ओमपति इत्यादि मौजूद रहे।

### डेंगू एक घातक बिमारी : डॉ कृष्ण कांत



लाडवा। कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ बैठक करते वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत।

**लाडवा।** लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया जिसमें लाडवा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कृष्णकान्त की अध्यक्षता में सीएचसी के प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू एक घातक बिमारी है जिसका कोई प्रामाणिक इलाज नही है। लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। समय पर इलाज न मिलने पर जान भी जा सकती है। डेंगू एक मच्छर से फैलने वाली बिमारी है जो कि मच्छर की एक प्रजाति एडिज एजापटाइ के मनुष्यों को काटने से होती है। डेंगू जैसी घातक बिमारी जिससे जन व धन का भारी नुकसान होता है से बचने का एक ही उपाय है मच्छरों से बचाव।

## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के पुल के नीचे से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी घनश्याम को काबू किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार दो आरोपी शिव कुमार उर्फ मिता व यशपाल उर्फ यशु को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशीले कैप्सूलज़ की तस्करी का अपराधिक कार्य करते है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर आरोपी से 208 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे।

### स्नेचिंग के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी हमीर सिंह, गुरसेवक उर्फ पोटा व आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। जैनपुर के गुरदेव सिं ने 24 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एनएच-44 नजदीक अनाज मंडी मोहडा के पास से तीन नामपता नामालूम लडकों ने उसकी प्लेटिना मोटरसाईकिल छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट व धमकी देने में आरोपियों पर केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव सौंगल निवासी ओम सिंह ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि आठ मई को आरोपी कुलदीप व उसकी पत्नी ने उसे कड़ी व ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। जांच अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर होटल में ले जा दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। नरवाना इलाके की एक युवती ने नौ मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शर्मा नगर निवासी विशाल से उसकी लगभग डेढ़ साल पहले इंस्टा पर दोस्ती हुई थी।

### पुरानी स्कूटी व स्पेयर पाट्र्स चुराने किया काबू

**कैथल।** चीका स्थित ओंकार टीवीएस एजेंसी से पुरानी स्कूटी व स्पेयर पाट्र्स चुराने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी अमित कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मामुपुर जिला सुल्तानपुर यूपी निवासी विपिन कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी रिंकू की शिकायत अनुसार उसकी कैथल रोड चीका पर ओंकार टीवीएस एजेंसी है।

### युवती संदिग्ध हालात में गायब, मामला दर्ज

**जींद।** शीतलपुरी कालोनी में दुकान से सामान लेने गई युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शीतलपुरी कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी।

## फ्लैश मॉब के माध्यम से छात्रों ने मतदान के प्रति किया जागरूक

# 25 मई को सभी मतदान करके निभाएं एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्जः एडीसी

मतदान के इस महापर्व को लेकर तरह-तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लाई जा रही जनजाग्रति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से वीरवार को जग्गी सिटी सेंटर परिसर में छात्रों ने फ्लैश मॉब के माध्यम से अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ नाटक, डांस व अन्य एक्टिविटी के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। सेंटर पर मौजूद लोगों के बीच से अचानक महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी, मुलाना के छात्र आए।

उन्होंने फ्लैश मॉब के माध्यम से अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने डांस, गाना गाकर, नुक्कड़ नाटक कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करन का संदेश दिया। वहां मौजूद लोगों ने छात्रों को ध्यानपूर्वक सुना और तालियां बजाकर उनका उत्साह भी बढ़ाया। एडीसी अपराजिता ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन है। ऐसे में मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग स्टेशनों पर पहुंचकर मतदान करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मात्र लोकतांत्रिक व्यवस्था ही ऐसी व्यवस्था है जो हमें अपना जन प्रतिनिधि चुनने की आजादी देती है। ऐसे में मतदान करके हमें सहीं उम्मीदवार का चयन करना चाहिए।



अंबाला। मतदान को लेकर नाटक प्रस्तुत करते छात्र। फोटोः हरिभूमि



### युवा मतदाता भी बढ़ चढ़कर लें हिस्सा

एडीसी अपराजिता ने कहा कि युवा मतदाताओं अधिक संख्या में मतदान के लिए आगे आना चाहिए। इस बार भी काफी संख्या में युवाओं के नए वोट बने हैं, उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के लिए निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ने हमेशा राष्ट्र निर्माण व लोकतन्त्र की मजबूती के लिए अपनी भूमिका निभाई है। मतदान भी ऐसा ही एक सशक्त माध्यम है, जिससे हम अपने मत से सहीं प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं। इस मौके पर स्वीप इंचार्ज भारत भूषण, नोडल ऑफिसर स्वीप व एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एमएम यूनिवर्सिटी डॉ. आदेश त्रिपाठी, स्टूडेंट वेल्फेयर ऑफिसर एमएम यूनिवर्सिटी दीपक झा मौजूद रहे।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता बढ़चढ़कर करें मतदान

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपना फर्ज अवश्य निभाएं। मतदान से पहले मतदाता अपनी मतदाता सूचियों में अपने नाम की पुष्टि अवश्य कर लें। उन्होंने बताया कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है। केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। डॉ. शालीन ने कहा है कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। डॉ. शालीन ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि सहित कई आईडी शामिल हैं।

# डेंगू के लक्षण व बचाव बताकर किया जागरूक

- विश्व डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को सिविल सर्जन ने किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

विश्व डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न स्कूलों में डेंगू के बचाव हेतू जागरूकता अभियान चलाया गया। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल की कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों के बच्चों द्वारा रैली का आयोजन भी किया गया। इससे आम जनता को डेंगू से बचाव हेतू जानकारी प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस मनाने की जानकारी प्रदान की गई। सभी पानी के बर्तनों, कूलरों, पानी की टंकियों, फ्रिज ट्रे, गमले इत्यादि को खाली करके सूखाने की जानकारी भी दी गई ताकि मच्छर के अंडे व लारवा को खत्म किया जा सके। उप सिविल सर्जन, मलेरिया की अध्यक्षता में विश्व डेंगू दिवस के उपलक्ष्य पर जिले में आशा कार्यकर्ताओं ने भी अपने संबंधित क्षेत्र में आम जनता को डेंगू से बचाव करने हेतू प्रचार-प्रसार किया। विभिन्न क्षेत्रों में दूर होगी डेंगू की बीमारी, जब होगी हम सब की भागीदारी जैसे नारों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए सभी पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी वर्कर, स्कूल तथा अन्य विभागों का पर्याप्त सहयोग लिया जा रहा है। ट्विटर, फेस बुक, रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए तथा निम्नलिखित बातें अवश्य ही बताई जाएं। बुखार से पीडित प्रत्येक व्यक्ति की रक्त पटिका अवश्य ही बनाई जाए। अपने घर के अन्दर व आस पास कहीं पर भी पानी जमा न होने दें। प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस मनाया जाए। तालाबों में गंबुजिया मछली छुडवाएं। सप्ताह में एक बार कूलर खाली करके सुखाकर ही पानी डालें।

### यह करें उपाय

कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर तथा एमपीएचडब्ल्यू मेल एवं फिमेल की टीमों द्वारा ग्राम स्तर पर लोगों से भेंट कर उन्हें डेंगू बुखार के लक्षण एवं बचाव के उपाय जैसे कि - अचानक तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, दस्त होना, आंखों के पीछे दर्द, जी मिचलना, गंभीर जोडों और मांसपेशियों में दर्द, थकान, उल्टी आना, त्वचा पर लाल चकत्ते, जो बुखार आने पर दो से पांच दिन बाद दिखाई देते हैं तथा हल्का रक्तस्त्राव जैसे नाक से खून बहना, मसूड़ों से खून आना या आसान चोट लगना।

### घर में घुसकर दंपत्ति से मारपीट, दो पर केस दर्ज

**जींद।** होली मोहल्ला में घर में घुस दंपत्ति के साथ मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। होली मोहल्ला निवासी विमल की पत्नी शोभा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे मकान बना रहे हैं। वह अपने घर की छत पर गई हुई थी। उसी दौरान संदीप तथा मनोज घर में घुस आए और हमला कर दिया। बचाव में शोर मचाए जाने पर उसका पति विमल बचाने पहुंचा तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शोभा की शिकायत पर संदीप तथा मनोज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मरीजों को नया जीवन देने के लिए चालीस युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

वीरवार को श्री श्याम फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देख रख में स्वर्गीय मास्टर प्रेम सिंह राणा की पूर्ण तिथि पर गांव कुराली में रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। इस अवसर पर 40 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में परजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अयोजन किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक देविंदर राणा कुराली ने कहा की हमें हर तीन महीने के बाद रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से तीन जिंदगियां बचती हैं। ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संयोजिका बीके हरदीप बहन ने कहा की युवाओं को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए जिस से युवाओं का स्वस्थ जीवन सही रहे। रक्तदान शिविर में भूपिंदर कपूर, गगन भूडीराजा, चंद्रपाल राणा नीता, बिट्टू राणा, जसविंदर सैनी, उपस्थित रहे।



नारायणगढ़। रक्त दाताओं को सम्मानित करते संस्था के सदस्य। फोटोः हरिभूमि

### लाखों रुपये की धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**कैथल।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका से लाखों रुपए की धोखाधड़ी मामले की जांच थाना चीका पुलिस के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी वार्ड नंबर 11 गुहला निवासी गौरव मल्होत्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका बैंक के मैनेजर नवीन मोर की शिकायत अनुसार मनिंद्र सिंह एक अप्रैल 2018 से 29 अक्टूबर 2019 तक चीका ब्रांच में मैनेजर रहा है। उसने फर्जी तरीके से गौरव मल्होत्रा को चार लाख और विद्या सागर को पांच लाख रुपये का ऋण दिया था। यह ऋण जनवरी 2019 में दिया गया था, जिसे आरोपियों ने भरा ही नहीं। इस पैसे को तीनों ने मिलकर बांट लिया था।

# बेहतर शिक्षा पर फोकस करें शिक्षक

- बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मिशनम के तहत प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई। वीरवार को बीइओ प्रमोद राणा के कुशल मार्गदर्शन में हुई इस शुरूआत के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। मां सरस्वती की वंदना से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंच-संचालन बीआरपी पुनीत कुमार द्वारा किया गया। सर्वप्रथम बीईओ द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने अपने सम्बोधन में टीचरों से कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त विषयवार समय-सारणी बनाकर सभी विषयों को बच्चों के अनुभवों से जोड़ते हुए उनकी दक्षताओं सहित कार्यपुस्तिकाओं पर कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को अपने अपने स्टूडेंट्स को निपुण बनाने पर फोकस करना चाहिए। इस कार्यशाला में कक्षा 4 व कक्षा 5 वी के बच्चों को निपुण बनाने की जानकारी के साथ साथ, पढ़ कर समझने की रण नीतियां, पुस्तकालय का महत्व, लेखन कौशल की रन नीतियां पर विस्तृत से चर्चा की गई 1 इस कार्यशाला में डीआरजी सदस्यों के रूप में मंदीप कौर बीआरपी (भौतिक विज्ञान) ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटोः हरिभूमि

# ऑनलाइन कंप्यूटर के महत्व पर दिया जोर

- संत मोहन सिंह खालसा कॉलेज में आयोजित हुआ कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल कॉलेज में दो दिवसीय संकाय विकास के तहत कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में अनीता सहायक प्रोफ़ेसर कंप्यूटर विभाग ने ईआरपी पोर्टल पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. इंदु विज ने अपने व्याख्यान के माध्यम से किया जिसमें उन्होंने स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस डिजिटल दौर में सभी को ऑनलाइन कंप्यूटर के प्रयोग को महत्व देना चाहिए। उसको सीखना चाहिए। कार्यशाला में डॉ. ऋतु चांदना ने बताया कि अपने पाठ्यक्रम को प्रबंधित करने के लिए डिजिटल शेड्यूलिंग और आयोजन टूल का उपयोग कैसे करें , उन्होंने डिजिटल साक्षरता के तीन स्तंभों को रेखांकित किया है-डिजिटल सामग्री ढूंढना और उपभोग करना, डिजिटल सामग्री बनाना और इसे प्रभावी ढंग से साझा करने और संचार करने की क्षमता। अनीता ने इआरपी पोर्टल को कैसे लॉगिन किया जाए, उसको किस तरह से प्रयोग किया जा सकता है।



### पर्यावरण संरक्षण को समर्पित किया जन्मदिन

अंबाला। भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ में प्रवक्ता गौरव डुलियाना ने अपना जन्मदिन पर्यावरण सरंक्षण को समर्पित किया। गौरव ने अपने साथियों सहित आश्रम प्रांगण में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । गौरव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में पर्यावरण एजेंडा नही है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के इस एजेंडे को अपने चुनाव प्रचार का हिस्सा बनाना चाहिए । ताकि चुनाव प्रचार के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण भी हो जाए। साथ ही गौरव ने सभी से अपील की कि अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह अथवा किसी भी विशिष्ट अवसर पर पौधरोपण अवश्य करे। इस अवसर पर प्रधान सलिन्द्र झाडूमाजरा, राजकुमार, राहुल शंटी, संदीप, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में पंद्रह लाख ग्राहकों को 5जी सेवा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

देश की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस कंपनी भारती एयरटेल अब प्रदेश के 15 लाख ग्राहकों को 5जी सेवा का लाभ दे रही है। कंपनी ने प्रदेश के सभी शहर और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में प्रदेश में एयरटेल के 5जी सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है।अपनाने की प्रक्रिया सरल हो गई है। कुरूक्षेत्र, अंबाला के प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों से ले कर पर्यटक आकर्षण केंद्र जैसे अरावली पहाड़ियां, सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी के लुभावने दृश्यों और गुरुग्राम, फ़रीदाबाद सहित कॉर्पोरेट और औद्योगिक केन्द्रों तक, एयरटेल संपूर्ण हरियाणा में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है। कंपनी की इस उपलब्धि पर पुष्पिंदर सिंह गुजराल, सीईओ - अपर नार्थ, भारती एयरटेल ने कहा, प्रदेश में 5जी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए हम जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से स्थापित करने के लिए हम महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हम अपने उन सभी ग्राहकों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने 5जी का अनुभव लेने के लिए अपग्रेड किया है।

### अलग-अलग बाइक चोरी के मामलों में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए 2 अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की हुड्डा सेक्टर-19 कैथल निवासी कर्ण की शिकायत अनुसार 14 मई को उसकी बाइक को सर छोटू राम चौंक कैथल से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना सिविल लाईन में मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी ईशम की टीम द्वारा डिफेंस कालोनी निवासी सुनील उर्फ बिंटु को काबू कर लिया गया। दूसरे मामले में थाना सदर पुलिस के एचसी महिपाल की टीम द्वारा आरोपी बीर साहिब निवासी राजकुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव आंधली निवासी गुरदीप कि शिकायत अनुसार 15 मई को उसके घर के पास से उसकी बाइक को उपरोक्त आरोपी चोरी कर ले गया था। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। उक्त दोनों मामलों की चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## चिकित्सक बोलेः बीपी से बचाव के लिए रोजाना व्यायाम करना बेहद जरुरी

# गर्मी की तपिश बढ़ते ही बीपी के मरीजों को अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गर्मी की तपिश बढ़ते ही अब चिकित्सकों ने हाई बीपी के मरीजों को अलर्ट जारी किया है। बीपी से पीड़ति मरीजों को चिकित्सकों ने गर्मी की तपिश से बचने के साथ ही अपने खानपान का ख्याल रखने की सलाह दी है। आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. समिधा शर्मा ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने खान-पान का सही से ध्यान न रख पाना सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को अपने खान-पान का ज्यादा ध्यान रखना चहिए क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को हार्ट-अटैक और किडनी जैसी समस्या हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप से ब्लड सही से सर्कुलेट नहीं हो पाता जिसके चलते आप दूसरी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। हाई ब्लड प्रेशर आपके जीवन को खतरे में डाल रहा है। हाई ब्लड प्रेशर अर्थात हाइपरटेंशन से हर व्यक्ति जूझ रहा हैं। अगर यह एक बार हो जाए तो लोगों को उम्र भर बीपी को कंट्रोल करने के लिए गोलियां खानी पड़ती हैं लेकिन आयुर्वेद के उपचार से इस बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। उच्च रक्तचाप धमनियों में खून का बढ़ा दबाव है। रक्तचाप में वृद्धि एक व्यक्ति की उम्र, लिंग, शारीरिक और मानसिक गतिविधियों,परिवार के इतिहास और आहार पर निर्भर करती है। एक स्वस्थ वयस्क व्यक्ति का सामान्य रक्तचाप 120 एमएमएचजी सिस्टोलिक और 80 एमएमएचजी डायस्टोलिक होता है। उच्च रक्तचाप आयुर्वेदिक उपचार के लिए मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप के मूल कारण की पहचान करना है। ऐसी आयुर्वेदिक दवा व निदान का प्रबंध करना है।



### ये हैं बीमारी के लक्षण

डॉक्टर शर्मा ने बताया कि इस बीमारी के लक्षण गर्दन के पीछे दर्द होना (ओसीसीपिटल एरिया में दर्द), सिरदर्द, घबराहट होना, चक्कर आना, थकान है असंतुलित आहार जैसे फास्ट फूड, मिर्च मसाला युक्त,नमकीन भोजन करने और गतिहीन जीवन शैली उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं। तनाव, चिंता और नकारात्मक मानसिक भावनाएं भी रक्तचाप में वृद्धि के कारण होती हैं। अन्य कारण परिवार में बीपी का इतिहास, मोटापे, व्यायाम की कमी, उच्च वसा और कम फाइबर आहार, चाय, कॉफी और परिष्कृत खाद्य पदार्थ आदि का अत्यधिक सेवन आदि हो सकता है। इस बीमारी से बचाव के लिए नियमित शारीरिक व्यायाम जैसे - हल्के मध्यम प्रकार के एरोबिक व्यायाम सप्ताह में कम से कम 4 से 5 दिनों तक करें 7 हल्के टहलना,कुछ दूरी तक साइकिल चला सकते हैं।